# बिहार विधान-सभा वादवृत्त ।

---

बुधवार, तिथि २२ दिसम्बर १९६५ ।

---

भारत के संविधान के उपबंध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य विवरण ।

---

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में बुधवार, तिथि २२ दिसम्बर १९६५ को पूर्वाह्न १० बजे अध्यक्ष, डा० लक्ष्मी नारायण सुधांशु, के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ ।

---

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर ।

---

### हिसाब-किताब का अंकेक्षण ।

१४। श्री रामावतार सिंह, श्री लखन मुर्मू—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जमुई वेलफेयर डिपार्टमेंट होस्टल को सन् १९५६ से आजतक प्रतिवर्ष १,९२० रु० सरकारी अनुदान दिया जाता है;

(२) क्या यह बात सही है कि प्रारंभ से सितम्बर, १९६२ तक दिये गये अनुदान का अंकेक्षण अभीतक नहीं कराया गया और इसे अंकेक्षण कराने में उक्त होस्टल के तत्कालीन अधीक्षक, श्री रामसेवक सिंह, लेक्चरर, जमुई कॉलेज टालमटोल और बहानेबाजी करते आ रहे हैं;

(३) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास में सवर्ण हिन्दू छात्रों को अधिकांश संख्या में रखकर सीट रेट और कौशन मनी श्री रामसेवक सिंह द्वारा वसूला गया है और उन रुपयों को सरकारी कोष में न तो जमा किया गया और न रजिस्टर तथा छपी हुई प्रमाणित रसीद पुस्तकों में ही दर्ज किया गया;

(४) क्या सरकार तत्काल अंकेक्षण कराने और उक्त होस्टल के हिसाब-किताब में बरती गयी अनियमितताओं एवं सरकारी अनुदान के दुरुपयोग के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, यदि नहीं, तो क्यों ?

## रोड का पक्कीकरण ।

६२९ । श्री गुठली सिंह—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि शाहाबाद जिलान्तर्गत सासाराम-चौसा पक्की रोड तथा आरा-सासाराम पक्की रोड को मिलाने वाली बरांव-खड़ारी रोड जो जिला पर्षद् की रोड है वह अभी तक कच्ची सड़क है ;

(२) क्या यह बात सही है कि नोखा-नासरीगंज रोड जो अभी पक्की बन रही है उसको भी उपर्युक्त सड़क सासाराम-चौसा पक्की सड़क से जोड़ती है ;

(३) क्या यह बात सही है कि बरांव-खड़ारी रोड की लम्बाई आठ मील है और आवागमन के ख्याल से शाहाबाद जिला की प्रमुख सड़कों में से है ;

(४) क्या यह बात सही है कि शाहाबाद जिला विकास योजना समिति ने उपर्युक्त बरांव-खड़ारी रोड को पक्कीकरण करने के लिये सरकार से सिफारिश की है ;

(५) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अविलम्ब उपर्युक्त बरांव-खड़ारी रोड को पक्की करने का विचार रखती है ; यदि हां, तो कबतक ; यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रामलखन सिंह यादव—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है । बरांव-खड़ारी सड़क इन दोनों सड़कों को मिलाती है और यह जिला परिषद् की सड़क है । सड़क की वर्त्तमान स्थिति की जानकारी इस विभाग को नहीं है ।

(२) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(३) सड़क की लम्बाई लगभग ९ मील है । सड़क पक्की बन जाने से आवागमन में अवश्य ही सुविधा होगी ।

(४) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(५) यह विषय अभी सरकार के विचाराधीन है ।

---

## सड़क का पक्कीकरण ।

६३० । श्री रउफूल आजम—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गुलजारबाग, पटना स्थित फार्मेसी स्कूल के सटे उत्तर से डेढ़ फर्लांग की पक्की सड़क ग्रेड ३ कर्मचारियों के ४० आवासों तक बनाने की योजना है, यदि हां, तो क्या सरकार उस सड़क को दो महीने के अन्दर बनाने का विचार रखती है ; यदि नहीं, तो कब तक ?

श्री रामलखन सिंह यादव—उत्तर नकारात्मक है । द्वितीय अंश का प्रश्न ही नहीं उठता है ।